(b) if reply to part(a) above be in the affirmative, the reasons therefore?

ि ाक्षा मंत्री (श्री हीरानन्द आर्य):

(क) नहीं।

(ख) प्र न ही उत्पन्न नहीं होता।

ध्यानाकर्शण सूचना

बद ाहपुर और उमरी (कुरूक्षेत्र) में भाराब के ठेकों की नीलामी सम्बन्धी

श्री अध्यक्षः मुझे स्वामी आदित्यवे ा, एम0एल0ए0 से जिला गुडगांव में गांव बाद ाहपुर और जिला कुरूक्षेत्र में गावं उमरी में भाराब के ठेकों के बारे में एक ध्यान दिलाऊ प्रस्ताव का नोटिस मिला है। प्रस्ताव मंजूर किया जाता है। आनरेबल मेंबर अपना प्रस्ताव पढ दे। एक्साइज एडं टैक्से ान मिनिस्टर चाहें तो अपना ब्यान दे सकते है या फिर समय मांग सकते है।

स्वामी आदित्यवे ाः अध्यक्ष महोदय, अगर आप हिन्दी में जो काम हो रहा है, उसकी तरफ ध्यान दे ंतो उस को पढने वगैरा में किसी को भी कोई दिक्कत नहीं आयेगी।

श्री अध्यक्षः इसके लिये तो जो टाइप की म ीनें बनाते हैख उनका ध्यान दिलाना पडेगा(वयवधान)

स्वामी आदित्यवे ाः मैं सदन का ध्यान अत्याव यक लोक महत्व के इस वि ाय अर्थात ' ाराब बन्दी' की और दिलाना चाहता हूं। पिछले दिनों में ग्राम पंचायतों ने उनकी पंचायतों से भाराब के ठेके हटाने के लि संकल्प पास किये तथा वे संबंधित मंत्री के भेज दिये गये थे। उन ग्राम पंचायतों में से प्रमुख ग्राम पंचायतें जिला गुडगांव की ग्राम पंचायत बाद ाहपुर तथा जिला कुरूक्षेत्र की ग्राम पंचायत उमरी है। इसके अतिरिक्त आबकारी मंत्री ने ग्राम पंचायत बाद ाहपुर के बारे मे ंसदन में यह स्वीकार किया

था कि ग्राम पंचायत बाद ापुर से संकल्प प्राप्त हो गया है तथा

1979 से बाद ाहपुर के भाराब के ठेके को हटा दिया जायेगा। परन्तु मुझे बहुत खेाद के साथ सदन को सूचित करना है कि ग्रम पंचायत बाद ाहपूर में वर्श 1979 के लिये भाराब का ठेका पुनः नीलाम कर दिया गया है। इसलिये सरकार को इस प्रकार की अनियमितताओं की ओर तुरन्त ध्यान देना चाहिये तथा ' ाराब–बन्दी' को लागू करने के लिये तुरन्त पग उठाने चाहिये। इसी सन्दर्भ में मुझे करनाल जिले से एक दो टैलीग्राम मिले है वहां पर भी तीन जगह भाराब के ठेके नीलाम हुये है।

श्री अध्यक्षः आपने जो काल अटैन ान मो ान दिया है,वही पढ़े । करनाल के बारे में आपके काल अटैन ान मो ान में कुछ नही है।

स्वामी आदित्यवे ाः अध्यक्ष महोदय, यह भी इसी से सम्बन्धित है। इसलिये मैं यह कहना चाहता हूं कि भाराब बन्दी के लिय`सरकार ज्यादा सावधानी बरते। जहां से प्रस्तव आ चुके है, वहां पर हर हालत में भाराब के ठेके नही खुलने चाहिये।

आबकारी तथा कराधान मंत्री (चौधरी भोर सिंह): अध्यक्ष महोदय, इस सम्बन्ध में मैं 26 तारीख को ब्यान दूगां–

सदन की मेज पर रखे गये कागज–पत्र

श्री अध्यक्षः अब मंत्री महोदय सदन की मेज पर कागज रखेगें।

Irrigaiton and Power Minister (Shri Verender Singh): Sir, I beg to lay on the Table the statement showing loans reised by the Haryana State Electricity Board upto 31-1-79 for which the State Government stood guarantee for repayment thereof under section 66 of the Electricity (Suppl) Act, 1948.

स्वामी आदित्यवे ा: आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। अध्यक्ष महोदय, हमारे मंत्री महोदय बहुत अच्छी तरह से हिन्दी पढना जानते है। लेकिन फिर भी वह बार–बार अग्रेंजी में पढते है आप कृपया इनहे हिन्दीमें पढ़ने के लिये कहें।

श्री अध्यक्षः सवामी जी इस बात पर खूब अच्छी तरह से बहस हो चुकी है। मै ंआपसे यह रिक्वैस्ट करूंगा कि सदन का आप वक्त जाया न किया करें।

स्वामी आदित्यवे ा: अध्यक्ष महोदय, इनको जब हिन्दी पढनी आती है तो इन्हे हिन्दी में पढ़ना चाहिये।

श्री अध्यक्षः वह कोई जवाब तो नहीं था, वह तो टेबल पर कागज रखने थे।

वर्श 1979–80 के बजट पर आम चर्चा (पुनरारम्भ)

श्री अध्यक्षः अब साल 1979–80 के बजट पर बहस भुरू होगी। कल श्री भाग मल सदन में बोल रहे थे। वे अपनी स्पीच जारी रखेगें।

चौधरी भागमल(सढोरा––अनुसूचित जाति): अध्यक्ष महोदय, कल मैं बजट पर बोल रहा था। उसी के संदर्भ में मै अपनी बात रखने जा रहा हूं। हमारे इस बजट में कुछ प्रावधान किये गये है ताकि हमारे रिसोर्सिज बढ़ाये जाये। मैं कल बता रहा था कि जंगलात भी आमदनी का एक सोर्स है और जंगलात ज्यादातर हमारी ि ावालिक पहाउियों के नीचे वाले इलाके में हे मसलन छछरौली, सढ़ौरा, नाराणगढ़ या कालका। इस एरिये में बहुत सारे जंगलात है। इससे सारी स्टेट को फायदा होता है। जहां जंगलात से हमें फायदा होता है वहां जंगलात में बसने वाले या उसके नजदीक बसने वाले लोगों को बडी तकलीफ है। असल में लोगों को जो कम से कम हमें सुविधायें देनी चाहिये, वे तो उन्हे मिलनी ही चाहिये। जहां पर जंगलात थोडा सा पडौस में है, वहां पर गन्ना की का त होती हैं गन्ने के बारे में वहां पर काफी बहस भी हो चुकी है। हमारी सरकार को यह पता है कि किसानों की इस गन्ने की वजह से क्या दुर्गति हो रही है। जो इलाकामिल के एरिया में पडता है यानि जो तो बौंडिड एरिया हैख वहां पर तो सरकार ने 2 यपया या अढाई रूपया की सबसिडी किसानों की दी है लेकिन जो इलाके बौंडिड एरिया से बाहर है जैसे हमारे इलाके है जिनमें छछरौली, सढोरा ओर बिलासपुर का एरिया है वहां पर

पुराना गन्ना तो तीन रूपये क्विटल के हिसाब से बिकता है ओर जो नया गन्ना हैवह 6 रूपये क्विंटल के हिसाब से बिकता है । वास्तव में अगर देखा जाये तो किसानों को पुराने गन्ने से तिगुना लौस है और नया गन्ना बेचने से आधा लौस है। इसलिये मेरी दरख्वास्त यह है कि कम से कम 2 या अढ़ाई रूपयो की जो सबसिडी सरकार देती है, वह हमारे इस एरिया के लोगों को ीीमिलनी चाहिये। इसके साथ–2 इस एरिया में बहुत सारी नदियां और नाले हैं बारि ा होती है तो जमीन कट जाती है जिसकी वजह से जो थोडे बहुंत खेत बोये भी जाते है वहां पर भी फसल पूरी नहीं हो सकती।इसके अलावा वहां पर जंगलों में जंगली जानवरभी काफी होते है। वे भी जो उन्होने खेत बोये है खा जाते है। इस तरह से किसान बुरी तरह से पिस रहा है और मजबूर है। इन जंगलात में दो दफायें लगती है। एक तो दफा 5 और दूसरी दफा 4। दफा 5 के तहत जो रिजर्व जंगलात है, वह आते है जिसकी वजह से कोई भी उनमें एन्टरी नहीं कर सकता। उसको जंगलात वाले मेनेटेन करते है। लेकिन दफा 4 के तहत ऐसा किया हुआ है कि जो किसान के खेत है, उसमें जो पेड उगते है उसको उस किसान को काटने के यिले भी आपके जंगलात महकमें से इजाजत लेनी पडती है। जो पेड़ किसान की अपनी जमीन में भी उगते है, उसको भी काटने की उसको इजाजत नहीं होती। अगर फलड की वजह से या किसी दूसरी वजह से उसका मकान गिर जाये और उसे अपनी मकान बनने के लिये लकडी चाहिये और उसके लिये अगर वह किसान अपनी जमीन के अन्दर पैदा हुआ

पेड़ काटना चाहे तो उसके लिये उसको जंगलात के लोगों से इजाजत लेनी पडती है। मैं अफसरों को तो दोश नहीं देता। मैं डिस्ट्रिक्ट लैवल के अफसरों को भी ईमानदार समझता हूं लेकिन जो वहां पर फारेस्ट गार्ड लगे हुये है, उनके बारे में लोगों के दिलों में तरह–तरह की भ्रातियां फैली हुई है। कोई बगैर परमि ान के जंगलात की लकडी काट ले तो फौरन उसका चालान हो जाता है। अगर वह बेचारा एप्लाई करता है तो जब तक 10 प्रति ात उन लोगों को नहीं देता तब तक उसको परमि ान नहीं मिलती। किसान बेचार की जमीन तो कर्ज के नीचे दबी पडी हैं उसने ट्युबवैल वगैरा के लिये कर्जा लिया हुआ है। कोआप्रेटिव सोसाइटियों में जैसे कि लोगों के साथ हुआ है, वह सब आपको पता है कि लोगों को मुफत में कर्ज के नीचे दबाया हुआ है। खा तो कोइ ाअेर ही गया लेकिन उन बेचारो ंको भुगतना पड रहा है। मजबूरन उन्हे देना पड रहा है। अगर वह कर्जा भी देना चाहे तो वह बेचारा अपने पेड वगैरा काट कर दे सकता है मगर ऐसा करने की उसको इजाजत नहीं हैं। इसके मुकाबले में कुछ ऐसे लोग है जो कान्ट्रैक्टर होते है, उनकी डिपार्टमेंट के लोगो से मिलीभगत है।

(इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हूये)

उपाध्यक्ष महोदय, मैने यह देखा है कि हमारे यहां पर बडे–2 ह्यूज जंगलात काटे जा रहे है। अगर कोई किसान अपने खेत में से पेड काटना चाहे तो उसको तो इजाजत नही ओर

ूदसरी तरफ इतने बडे –2 जंगलात मिली भगत से काटे जा रहे है।अगर कोइ किसान काटता है तो उसका तो आप चालान कर देते है।दूसरी तरफ जंगलात के जंगलात कट रहे है, उनको पूछने वालाल कोई नही है। इस इलाके में खैर के पोड कट रहे ळे जोकि बहुत ही ज्यादा तादाद में यहां पर खड़े है । इस इलाके में चर्चा इस बात की है कि यह जो खेर के पेड़ काटे जा रहे है। जरूर इसमें किसी बडे हाई –अप की मिलीभगत है। हो सकता है वह कोई मिनिस्टर ही हो, जिसकी वजह से यह खैर के पेड काटे जा रहे है। यह हमारे वहां आम चर्चा है। उन लोगों को अगर वे जानवर भी पालते ळे तो उनके जानवरों को बाहर निकलने की इजाजत नहीं है। अगर उनके जानवर कही भूले–भटके से उधर चले जाये ंतो उनका चालान हो जाता है। चालना सही है या गलत इसके लिये उनका यल ऐसा है कि किसी की भी वहां पर सुनवाई नहीं होती। फारेस्ट का गार्ड यह कह दे कि इस आदमी ने यह गलती की है तो जो जुर्माना वह लगा दे उस किसान को देना पडता है और उसकी कोई अपील भी नहीं है। डिप्टी स्पीकर साहब, आप खुद समझ सकते है कि इन हालात मं उस इलाके की क्या द ा होगी। आप तो उस इलाके में घू कर भी आए है ओर आपको पता है कि उस इलाके में जंगली सियारन ओर दूसरे जंगली जानवर होते है और अगर कोई आदमी जिसकी एक किल्ले जमीन भी है ओर अपनी फसल की हिफाजत के लिये वह उन जंगली जानवरो को मारना चाहता है तो उसको उन जंगली जानवरो को मारने की इजाजत नहीं है। डिप्टी स्पीकर साहब उस

इलाके की एक और समस्या है और वह यह है कि वहां पर नदियां बहुत है। पनी उपर से पडता है और सिंचाई का कोइ इंतजाम नही है। कुछ गहरे नलकूप लगाये जा रहे है ओर कुछ लगे भी है जिससे कि लोगों को सिंचाई के लिये पानी दिया जा सके लेकिन इस काम के लिये भी रिपोर्टें ली जाती है। अगर यह रिपोर्ट आ जाए कि पानी कम है तो नलकूप नहीं लगाये जाते हैं । आपको तो पता होगा कि पीछे एक स्कीम बनाई गई थी कि जो नदियां वहां पर निकलती है उनको रोका जाए ओर बांध बनाकर नदियां निकालकर वाटर सप्लाई की जाये। ऐसा करने से ुसलों को बडा फायदा होगा ओर हमारे जो किसान भाई है। वे बहुत खु ा होगे। मेरी सरकार से यही प्रार्थना है कि बांध बनाकर पानी सप्लाई करने की स्कीम को जल्दी से जल्दी कार्यान्वित करने की कृपा करे जिससे कि वहां के लोगों की तकलीफ दूर हो सके। डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा इलाका बहुत पिछडा हुआ है और मेरी कांस्टीटयूएंसी में बहुत गांव है। कोई सदस्य कहता है कि मेरी कांस्टीटयूएंसी में चालीस गांव है ओर कोई कहता है कि पचास गांव है लेकिन मैं कह सकता हूं कि मेरी कांस्टीटयूएंसी में अढ़ाई सौ गांव है और वे छोटे–छोटे गांव है और वे स्कैटर्ड गांव है। वहां पर बच्चों के पढने का कोई इन्तजाम नहीं है। वहां पर सिर्फ पांच गवर्नमेंट हाई स्कूल है ओर बाहर मिडिल स्कूल अगर एक बच्चा हाई स्कूल मं पढनाचाहे तो उसे बीस इक्कीस मील जाना पडता हैं आप अन्दाजा लगा सकते है कि इतनी दूर जाना कोई आसान काम नहीं हैं पांच हाई स्कूल एक लाख डेढ़ लाख आबादी को कैसे फीड कर सकते

है। मैने ऐजुके ान मिनिस्टर साहब से इसका जिक्र किया था ओर उन्होने पूरी हमदर्दी दिखाई थी, ओर वादा किया है कि वहां पर और स्कूल एि जायेगें। डिप्टी स्पीकर साहब, वहां पर लडकियां उच्च ि ाक्षा ्रहण कर ही नहीं सकती है। प्राईमरी क्लासिज तक तो वे पढ सकती है लेकिन बाहर जाकर उच्च ि ाक्षा प्राप्त करनाउनके लिये बडा कठिन होता है क्योकि कोई भी अपनर लड़की को बाहर नहीं भेजना चाहता है। एक तो वह बैकवर्ड इलाका है इसलिये कोई भी अपनी लडकी को घर से बाहर भेजना पसनद नहीं करता है और दूसरे उस इलाके में ऐसी धारणा भी है कि लडकिया घर से बाहर न भेजी जाऐ। मैने पीछे भी प्रार्थना की थी और अब फिर प्रार्थना करता हूं कि इस डिस्पैरिटी को दूर किया जाए और वहां पर अधिक स्कूल खोले जाएं जिससे कि वहां पर लोग आगे बढ़ सकें।

डिप्टी स्पीकर साहब, अब मैं स्वास्थ्य के बारे में कहना चाहता हूं। वहां पर डिस्पैन्सरीज की काफी कमी है। छछरौली, बिलासपुर ओर सढ़ौरा में पी0एच0सीज0 हैं लेकिन वहां पर डाक्टरों की कमी है। किसी पी0एच0सीज0 के पीछे सौ गांव है और किसी पी0एच0सीज0 के पीछे एक सौ पचास गांव है। इतने सारे गांवो को एक पी0एच0सी0 को फीड करना पड़ता हैं वहां पर लेडी डाक्टर्ज की तो बहुत ही कमी है। सिढ़ौरा में तो आज तक लेडी डाक्टर आई ही नहीं है। इन पी0एच0सीज0 की हालत यह है कि कही एक डाक्टर है, कही दो डाक्टर है ओर कहीं पर तीन

डाक्टर्ज है। अगर एक डाक्टर का ट्रांसफर कर दिया जाता है तो उसकी जगह कोई नहीं आता है। अगर एक डाक्टर गांव का दौरा करनें चला जाता है तो पी0एच0सी0 में कोई डाक्टर नहीं रहता और जनता को काफी तकलीफ होती है। अगर डाक्टर दौर पर न जाये तो गांव के लोगों को कोई इलाज नहीं मिलता। उस इलाके में कोई आयुर्वेदिक या किसी ओर तरह की डिस्पैन्सरी नहीं है। कुछ अनाड़ी लोग बैठे हुये है जो प्राईवेट इलाज करते हे और उनको कुछ आता जाता नहीं हैं। अगर कोई मर भी जाये तो वे लोग कोई परवाह नहीं करते हैं लेडी डाक्टर न होने से हालत यह है कि अगर कोइ लेडी बीमार हो जाये तो कोई देखने वाला नहीं है। पिछले दिनो लेडीज के तीन केसिज हो गये थे ओर उन तीनों को बाहर ले जाना पडा। बडे दुख की बात है कि तीनों की रास्ते में ही डैथ हो गई थी। इसलिये वहां पर लेडी डाक्टर की बहुत आव कता है। हमारी बहन स्वास्थय मंत्री जी यहां बैठी हुई है मेरी उनसे प्रार्थना है कि वे उस इलाके की तरफ कुछ ध्यान देने की कृपा करें। सढ़ौरा मे जो डिस्पैन्सरी है उसकी बिल्डिंग की हालत बहुत खराब है। वह किसी भी टाइम गिर सकती हैं उसका बरसात मे गिरने का डर रहता है और इस चीज की तरफ मैंने पहले भी सरकार का ध्यान दिलाया था। डिप्टी स्पीकर साहब, अगर वह बिल्डिंग गिर गई तो कोई आदमी वहां पर मर भी सकता है और वह डिस्पेन्सरी भी खत्म हो जाएगी। इसलिये मेरी प्रार्थना है कि उस बिल्डिंग को वेंकेट कर दिया जाये और उसकी जगह नहई बिल्डिंग बनाई जाये। डिप्टी स्पीकर साहब, सढौरा में एक्सरे

प्लांट लगा हुआ है लेकिन पता नहीं वह डिफैक्टिव है या वहां पर कोई आप्रेटर नहीं हैख बहुत दिन से बेकार पडा है। अगर कोई ऐक्सरे कराने का छोटा सा भी केस होता है। तो उसको नारायणगढ भेजा जाता है। इसकी तरफ भी सरकार ध्यान दे, ऐसी मेरी प्रार्थना है । हमारी सरकार रूरल इंडस्ट्रिलाईजें ान की तरफ काफी ध्यान दे रही है और हमने भी वहां पर इंडस्टरी लगाने के लिये लोगों को प्रोत्साहित हिया और बारह केसजि हमने तैयार किये लेकिन वहां पर केवल एक बैंक है और वह है पंजाब ने ानल बैंक। लेकिन यह बैंक लोगों के साथ कोआपरेट नहीं करता है। अगर कोई लोन का केस होता है तो छः छः महीने तक उसका फैसला नही किया जाता और लोगों को लोन सैंक ान नहीं होता। अगर सरकार चाहती है कि रूरल इंडस्ट्रियलाइजे ान मे तरक्की हो तो मेरी सरकारसे प्रार्थना है कि मेरे इलाके में बैक की सुविधाये ंबढाई जाये। मेरी खासतौर से इंडस्टरी मिनिसटर से प्रार्थना है कि वहां और बैंक खुलवाने की कृपा करें और उनका डायरेक न दी जाये कि वे जल्दी केस डील करें।

मेरी इंडस्ट्रीज मिनिस्टर साहब से प्रार्थना है कि सढ़ौरा में आई0टी0आई0 खोली जाये। अब हालत यह है कि इस इलाके के बच्चों को अम्बाला जाना पडता हैं अगर वहां पर आई0टी0आई0 होगा तो अच्चे अपनेघर पर रहकर ही टैक्नीकल ऐजूके ान हासिल कर सकेगे और उससे कोई डिप्लोमा मे करके कहीं न कही नौकरी हासिल कर सकेगें। सढौरा के अन्दर आई0टी0आई0

खोलने का केस चल रहा है इसको जल्दी से जल्दी फाईनेलाइज किया जाये । अगर किन्ही हालात की वजह से आई0टी0आई0 खोलना मुमकिन न हो तो गैस्ट क्लासिज सढ़ौरा में भुरू की जा सकती है। ऐसा करने से सौ, दो सौ बच्चों को रोजगार का अवसर मिलेगा और उस इलाके के लोगों को प्रोत्वसाहन मिलेगा ओर इस प्रकार से वहां बच्चे इंडस्ट्रियलाइजे ान स्कीम के अन्दर भाग लेगे और हमारे बच्चों का जो नौकरी की तरफ भागने का रूझान है वह भी कम हो जाएगा।

डिप्टी स्पीकर साहब, अब मै ंआपका ध्यान हरियाणा मे ला एडं आर्डर की तरफ दिलाना चाहता हूं। पिछले 30 सालों मे अम्बाला जिले की पोजी ान ऐसी रही है कि वाहं पर कोई कत्ल नहीं हुआ, कोई डाका नहीं पडा लेकिन अब एक दो सालों से वहां ला एंड आर्डर की पोजी ान बहुत खराब हो गई है, लोगों की नाजायज तौर पर मारपीट हो रही है, लोग रात के वक्त रास्तों में खडे रहते है ओर लोगों को लूटते एवं मारपीट करते है। जगाधरी रोडपर यह पोजी ान थी कि रात के दो–दो बजे लोग आते जाते थे लेकिन उन को कोई छेड़छाड. नहीं करता था लेकिन अब हालात वैसे नहीं है, कई कत्ल हुये है और लोग जब रात के वक्त गुजरते है तो उनको लाठियों से पीटा व मारा जाता है।

डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपको एक दो मिसलें देता हूं ।हमारे हल्का में एक आधवदरी नाम धर्म स्थान है, वहां पर एक महन्त रहता था उसके उपर हमला किया गया। एक वहां पर

ब्रह्मचारी था, उसने सिर के उपर कपडा बांधा हुआ था, उस पर भी तलवारों से हमला किया गया, जब तलवार उसके सिर पर मारी गई तो उसके सिर का कपडा फट गया ओर खून बहने लगा ओर वह कपडा अब भी उसके पास रखा हुआ है। वहां पर एक पादरी भी था, वह भी अपनी जगह छोड़कर भाग गया। यह सारी बातें कई बार पेपर्ज में भी आ चुकी है लेकिन फिर भी कोई ऐक ान नहीं लिया गया है। मेरी सरकार से दर्खास्त है कि वह इन बातों की तरफ ध्यान दे और कसूरवार लोगों को सजा दे ताकि लोगों को कुछ राहत मिल सके और वे आरम से अपना जीवन बितासकें।

इससे आगे एक और मिसाल मैं आपको देता हूं यह कोई सात या आठ नवम्बर का वाक्या है। जगाधरी में एक कैल गांव है, वहां पर एकबाबू राम नामक हरिजन था। उसको कत्ल कर दिया गया। इस बारे मे कई बार डैपूटे ान भी सरकार से मिला और हम लोग होम मिनिसटर साहब से भी मिले, कई एम0एम0एज0 भी मिले, लेकिन बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि उस केस की इंक्वायरी आज तक भी नहीं हुई और जिन लोगो का भाक में नाम लिखवाया गया था, उनको बाद में छोड दिया गया। उन लोगों द्वारा अपनी जमीन गिरवी रखकर 50 हजार रूपये इस केस से छुटकारा पाने के लिये खर्च किये गये थे। अब यह सरकार का ाकम है कि वह इंक्वायरी करे कि वह 50 हजार रूपये किन–किन जगहो पर किन–किन अफसरों पर खर्च किये गये व कहां–2 खर्च कियें गये। इस बारे मे हमने सरकार से प्रार्थना

भी की थी कि यह केस उसी एस0एच0ओ0 के पास ही पडा है। इस केस का अभी तक कुछ नहीं बना है ओर न ही किसी आदमी को वहां से तबदील ही किया गया है। इस कारण से लोगों का फैथ गवर्नमेंट से हट रहा है। सरकार से मेरी प्रार्थना है कि ऐसे केसिज में सरकार की तरफ से भीघ्र ही इंक्वायरी की जानी चाहिये इसी तरह का एक ओर केस है । रोहतक में होली के दिनों में हिसार रोड पर हरिकि ान नाम का आदमी अपनी बीवी के साथ ट्यूबवैल के पास सो रहा था, उसी ट्यूबवैल पर उसका अपना मकान हे, वहां कुछ आदमियों ने उसका दरवाजा खटखटाया ओर रात भर उस आदमी को पीटा ओर उसकी नवविवाहिता बीवी केसाथ व्यभिचार किया। फिर उसके बाद बावेला मचा और वहां के एस0वी0 ने कुछ कार्यवाही की। एक ओर नवाजस नाम का गांव रोहतक के पास है। वहां पर भी भाराब पीकर हरिजनों के उपर हमला किया गया। मेरा कहने का मतलब यह है कि गरीब हरिजनों और दूसरे लोगों पर अत्याचार हो रहा हैं सरकार को इस तरफ पुरा ध्यान देना चाहिये। एक तरफ तो हम किसान और हरिजन भाइयों के लिये सब कुछ करने जा रहे है ओर दूसरी तरफ उन पर अत्याचार हो रहा है। सरकार अगर इस मामले में चुप्पी बरतेगी तो लोगें मे उसके प्रति असंन्तोश की भावना जागेगी और लोग दुखी होगे, लोगों का रहना मु कल हो जायेगा। इसलिये मेरी सरकार से प्रार्थना है कि सरकार इस तरफ ध्यान दे ताकि ला एंड आर्डर की स्थिति में सुधार आये।

डिप्टी स्पीकर साहब, एक बात बडी खु ी की है, जो हमारी सरकार ने की है वह यह है कि एच0सी0एस0(एग्जैक्टिव) और जुडि ाअल दोनों का ग्रेड एक बराबर कर दिया है। सरकार का यह सराहनीय कदम है। हमारी हरियाणा की हकूमत का इन्ही बड़े–बड़े एच0सी0एस0 और आई0ए0एस0 के कैडर के लोगों के उपरा सारा दारोमदार है। यह लोग तो प्र ासन की क्रीम होते है, वे बाहर से चार–चार पांच–पांच साल का कोर्स करके आते है ओर जब वे यहां आते है तो उन्हे कुछ नहीं मिलता है और वे लोग मायूस हो जाते है। अच्छे गैड नहीं मिलते है तभी वे लोग बाहर के मुल्कों में भागते है। मैं आपको बताता हूं कि जैसे एसद्धडी0ओ0 है उसका 1963 में 250 रूपये का ग्रेड था और 1968 में इम्प्रूव होकर 350–800 का हुआ ओर उसके बाद 1979 में 400–1100 का ग्रेड हो गया है लेकिन इसमें कोई स्पे ाल ग्रेड नहीं है। एस0ई0 का ग्रेड केवल 700–1300 का ही है जबकि एच0सी0एस0 का भी 700–1300 का है। इसलिये सरकार को कोई स्पे ाल ग्रैड देने चाहिये। मै ंआपको बताता हूं कि अंग्रेजो कके वक्त में डी0सी0 सिविल सर्जिन, एक्सीअन वर्गैरह सभी एट पार हुआ करते थे ओर कोई एक दूसरे के काम मे दखल नहीं देता था ओर आज हालात यह है कि हरेक अफसर का रिकार्ड डी0सी0 ही लिखता है ओर उसकी मर्ज के बिना कुछ नहीं हो सकता। एक नान टैक्नीकल आदमी एक टैक्नीकल आदमी की सी0आर0 लिखे यह कोई उचित प्रतीत नहीं होता। इससे लोगों के दिलों मेंबडी हार्ट बरनिंग है। सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिये। मैने

पीछे भी कहा है कि जो हमारे इंजीनियर्स है, डाक्टर्ज है, उन लोगों को पूरी सहूयिते ओर ग्रेडज नहीं मिलते है जिनके कारण उनहे बडी हार्ट बरनिंग है। इसी कारण से वे बाहर भागते है। अतः सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिये। अभी सरकार ने यह किया है कि एस0पी0 की सी0आर0 डी0सी नहीं लिखेगा और एस0पी0 अपने सबौर्डीनेट की रिपोर्ट स्वयं लिखेगा। यह एक अच्छी ट्रेडी न है। इसलिये मेरी सरकार से प्रार्थना है कि हरे अधिकारी को यह अधिकार होना चाहिये कि वह अपने अपनें विभाग के सबौर्डीनेटस की सी0आर0 लिखे।

श्री उपाध्यक्षः भाग मल जी, काफी समय आपको बोलते हुये हो गया है अब आप वांइड अप करे।

चौधरी भाग मलः डिप्टी स्पीकर साहब, मे ंआपको कुछ और कैटैगरीज के ग्रेड की बाबत भी बताना चाहता हूं। 1963 में डाक्टर्ज का ग्रेड 250 रूपये था 1968 मै 350–800 हो गया ओर अब 1979 में 400–100 का हो गया है ओर असिसटैन्ट डायरेक्टर का 850–1300 का ग्रेड हैख्, पर इन सभी के लिये कोई सिलेक ान ग्रेड नहीं है। ऐडी ानल डायरेक्टर का 1800–2000 का है ओर इस तरह से आयुर्वेदिक डाक्टर्ज का 350–900 का ग्रेड है। इसी प्रकार एजुके ान में प्रिंसीपल का 1100–1800, लेक्चरार्ज का 700–1100 का है , बी0एड0 टीचर्ज का 220–400 जे0बी0टी0 टीचर्ज का 125–250 का ग्रेड है जबकि आई0टी0आई0 प्रिंसीपल

का केवल 350–900 का ग्रेड है जोकि दूसरे प्रिसीपलों से बहुत कम है इस तरह से लोगों को बडी हार्ट बरनिंग होती है।

मेरा कहने का मतलब यह है कि जो आई0टी0आई0 के लैक्चरर्ज होते है वे टैक्नीकल हैन्ड होते है ओर वह एक बैंक बोन की तरह होते हे, उन के ग्रेड दूसरों के मुकाबले में सरकार की तरफ से बहुत थोडे रखे गये है। इसी प्रकार एक सेक्रटेरियट का असिस्टेन्ट है उसका ग्रेड 225–500 का है ओर एक डायरैक्टोरेट में काम करने वाले आस्सिटेन्ट को 160–400 का ग्रेड दिया जाता है। ऐसी जो डिस्पैरिटी है वह उन लोगो ंको खलती है जिनके ग्रेड कम है। मैं समझता हूं कि यह बडी बुरी बात है क्यो न सभी ग्रेड एक जैसे हो। जहां क्लार्को की बात आतीहै वहां पर भी डिस्पैरिटी की बात आ जाती है। दफतरो मे ग्रेड और है और जो क्लर्क कारपोरे ांज में लगे ंहुये है उनके ग्रेड और है और उन को साथ में बोनस भी मिलता है।

श्री उपाध्यक्षः भाग मल जी, आप दो मिनट में खत्म कीजिये।

11.00 बजे।

चौधरी भाग मलः इसी तरह से क्लास फोर की तो बात ही न पूछो। डायरैक्टोरेट में तो इनका स्केल 70–95 का है ंऔर सैक्रेटेरियेट में 80–120 का है। क्लास फोर वहीं है, वहीं काम इनका है और वही उनका है। आप देखें कि हमारे गवर्नमेंट

मुलाजिम जो गवर्नमेंट को चलाते है उनके साथ कितना अन्याय हो रहा है ंमेरी सरकार से प्रार्थना है कि वह इस डिस्पैरिटी को बहुत जल्द दूर करे वरना ऐसा न हो जैसे किसी ने कहा है कि–

वक्त पर काफी है कतरा आबे खु ा हगांम का,

जल गये खेत तब बरसा तो किस काम का।

ऐसा न हो कि ये लोग धीरे–2 गिरते जायें और कल को गवर्नमेंट के लिये सिरदर्दी पैदा न कर दें। इन भाब्दों के साथ उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

कवंर राम पाल सिंह(घरोंडा): उपाध्यक्ष महोदयख 1979–80 के बजट ऐस्टीमेटस पर चर्चा चल रही है मैं भी इस विशय में अपने विचार रखने के लिये खडा हुआ हूं। सबसे पहले जब हम इसके दूसरे पैरे को पढते हे तो हमें यह याद दिलाता है कि जब से जनता सरकार पावर में आइर्द तब से ही भगवान इसके उपर कूर रहा। सरकार बनते ही स्टेट केअन्दर फलड आयें ओर इन फल्डों से अभी सरकार छुटकारा भी न कर पाई थी, यानि लोगो ंको अभी पूरी राहत नहीं दे पाई थी कि ओलावृश्टि हो गई। यही हाल इस वर्श भी हुआ। यह कुदरती आफतें नई बात नहीं है कि ये जनता सरकार बनने के बाद ही आई है, यह पहले भी आती रही है। लेकिन मुझ ेदुख इस बात का हो रहा है कि हमारे अपोजी ान के भाई जिनमें से दो–तीन तो बड़े सीजंड

पोलिटि ायंज है उन्हेने गवर्नर ऐड्रैस पर बोलते हुये सिवाये सरकार के खिलाफ चर्चा करने के कुछ नहीं किया। उनको चाहिये था कि सरकार ने जो भले काम किये है , लोगों को राहत दी है, लोगो का दुख दूर करने की कोि ा ा की है उसकी वे तारीफ करते। लेकिन दुख की बात है कि उन्होने एक लफज भी ऐसा नहीं कहा। वे कहते है कि जनता सरकार ने कुछ नहीं किया। मैं अपोजी ान के भाइयों को बताना चाहता हूं कि सरकार ने फल्ड रिलीफ दी और फल्ड से घिरे हुये लोगों को बताना चाहता हूं कि सराकर ने फल्ड रिलीफ दी और फल्ड से घिरे हुये लोगों को हवाई जहाज से रोटियां दी, मकानो के लिये कर्जा दिलवाया। क्या यह छोआ काम था? इतना ही नहीं इन कामों के साथ–साथ डिवैलपमेंट का काम भी चलता रहा। इन कामों के लिये सरकार बधाई की पात्र है और ऐसे काम करने के बाद हरियाणा का कौन आदमी ऐसा है जो सरकार को बधाई न दे ओर सरकार के कामों को अच्छा न कहे। यहीं नही सरकार ने उस वक्त जो ड्रेनों का काम था वह भी अपने हाथ लिया। उजीना ड्रेन जैसा काम सरकार ने अपने हाथ में लेकर उसे जल्द से जल्द पूरा करवाया। डिप्टी स्पीकर साहिब, गुडगांव जिला अपका अपना जिला है और आपको मालूम है कि वहां पर पिछले साल से कितने काम हुये है। पिछले साल जिस जमीन पर पानी ही पानी नजर आता था इस साल वहां हरी भरी खेतियां दिखाई देती है । इसका कारण यह है कि सरकार ने तुरन्त कदम उठाये और ड्रेनों का काम अपने हाथ में लिया हैं यही नही जमुना के आस–पास पिछले साल भी और इस

साल भी नुक्सान हुआ है लेकिन सरकार ने वह काम भी अपने हाथ में लिया हैं लेकिन दुख इस बात का है ंकि जमुना ने अपना बहाव बदल लिया है और इस वजह से कुछ एरिया ऐसा हैजो उसकी लपेट में आ जाता है। बदकिस्मती से वह इलाका मेरे हल्के में ही पउता हैं इस बारे में मैं सरकार को भी कई बार कह चुका हूं और इंजीनियर्ज को भी मौके पर हालत दिखा दी है लेकिन इंजीनियर्ज ने अपनी दिक्कत यह बताई कि यह मामला जमुना कमेटी के पास है। अगर यह मामला जमना कमेटी के पास ही रहा तो मुझे खद ा है कि अगर इस साल भी जमुना में ओर पानी आ गया तो मेरे हल्के का भायद ही कोई गांव बच सकेगा। इस साल भी जमुना के प्रकोप ने 7–8 गांवों की आबादी को बिल्कुल तबाह कर दिया। इस समय मिनिस्टर साहब तो बैठे नहीं है भायद इंजीनियर साहब बैठे होगें । उनसे मैं यह बात कहूंगा कि मेरे हल्के का केस इस साल हाथ में जरूर जाये क्योकि यू0पी0 की तरफ मेरे हल्के के सामने पक्का बांध बना हुआ है ओर अगर पानी आ गया तो वह बहाब की तरफ ही जायेगा, बांध की तरफ नहीं जायेगा। उसका ह ार यह होगा कि जमुना का टोटल बहाव इधर हो जायेगा ओर कमसे कम पांच सौ गांवों के करीब न तो जमीन मिलेगी और न वाहां पर कोई बसने वालामिलेगा। जब हरियाणा का अपना फलड कन्ट्रोल बोर्ड है तो वह मोके पर जाकर स्थिति को देखे कि वाकई यह डेंजरस पंवायट हैं अगर यह मामला जमना कमेटी के पास पडा रहा तो मैं यह कह सकता हूं कि हमारे फाइनैंस मिनिस्टर साहब का भी इलाका नहीं बच सकेगा। इसलिये

मैं फाइनैंस मिनिसटर साहब से प्रार्थना करूंगा कि वह इस मामले को फलड कन्ट्रोल बोर्ड की मीटिंग में लाकर इस पर जल्द से जल्द काम भ्रुरू करवायें। अगर देरी होगई तो बहुत बुरा हाल होगा। काम भ्रुरू करवाने के लिये इस वक्त तो आपको लेबर भी मिल सकती है। लेकिन जब फसल की कटाई का वक्त आ जाएगा तब लेबर भी मिल सकती है लेकिन जब फसल की कटाई क वक्त आ जायेगा तब लेबर भी नहीं मिलेगी। इसलिये फलड कंट्रोल बोर्ड की मीटिग बुजा कर इसका जल्दी फैसला किया जाये नही ंतो करनाल का काफी से ज्यादा एरिया तबाह हो जायेगा।

उपाध्यक्ष महोदय, इसके अन्दर आगे इंडस्टरी के बारे में कहा गया हैं इंडस्टरी के बारे में मैं अधिक समय न लेकर दो–तीन बातें ही करना चाहता हूं। सब से पहले मैं सरकार को बधाई दूंगा कि उसने जो रूरल इंडस्ट्रियलाइजे ान का प्लान बनाया है ओर लघु उद्योग का प्लान बनाया है यह बहुत अच्छा प्लान है। इससे दो फायदे होगें। एक तो गांवों में जो बेरोजगार नौजवान है उनको रोजगार मिलेगा दूसरे जो लोग फसल की कटाई के बाद बेकार रहते है उनको काम मिलेगा। लेकिन मैं इसमें एक सुझाव भी देना चाहता हूं कि ये उद्योग जे लगाये जा रहे है और इनसे जो माल तैयार होता है उसकी मार्किटिंग की प्रौब्लम आती है इसलिये यह जिम्मेदारी सरकार की होनी चाहिये कि वह खुद उस माल को बेचने की व्यवस्था करें अगर उनके माल की फरोखत का इन्तजाम नहीं होगा तो यह उद्योग कामयाब नहीं हो सकेगें मैं

चाहूंगा कि सरकार इसका कोई न कोइ प्रबन्ध करे औरन इसहाउस में फैसला हो कि लघु उघोग का सारा माल चाहे कंज्यूमर्ज स्टोर्ज के जरिये या किसी और जरिये से सरकार खरीदेगी। मुझे पता चला है कि डिस्ट्रिक्ट हैडक्वार्टर पर उद्योग विभाग का एक हैड होता है। हमारे करनाल में इस बारे में ज्यादती हो रही है। मुझे पता चला है कि इंडस्टरी का करनाल का हैड क्वार्टर बदलने के आर्डर हो गये है। इसको पानीपत में बदलने के आर्डर हुये है। अगर करनाल से यह आफिस ि ाफट हो जायेगा तो यह ज्यादती होगी। पानीपत में 126 गांव हे जबकि करनाल में 471 गांव पड़ते है। पानीपत में तो आलरैडी उद्योग लगे हुये है और वे डिवैल्पड हैं । अगर डिस्ट्रिक्ट हैड क्वार्टर करनाल में होगा तो करनाल के लोगों को लघु उद्योग लगाने का प्रेात्साहन मिलेगा और वे उद्योग के बारे में आराम से अधिकारियो से कंटैक्ट कर सकते है। उपाध्यक्ष महोदय हैड क्वार्टर घरौंडा में नहीं चाहिये, करनाल में चाहिये। उपाध्यक्ष महोदय, इस स्कीम के तहत एक जनरल मैनेजर होता है और चार पांच मैनेजर होते है। पानीपत में मैनेजर का आफिस खोल दे ंतो बडी आसानी से काम चल सकता है। अगर उसे वहां किसी प्रकार की दिक्कत हो, तकलीफ हो तो वह दो तीन दिन मुकर्रर करे ले और डिस्ट्रिक्ट हैड क्वार्टर पर रह कर काम कर सकता है। मैं इंडस्टरी मिनिस्टर और फाइनैंस मिनिस्टर से प्रार्थना करूंगा कि वे इस बात पर विचार करें। इस बजठ में ऐग्रीकल्चर का जिक्र आया है कि पिछले साल की बजाये इससाल एग्रीकल्चर की बढोतरी हुई है यह बडी

खु ी की बात है। यह भी खु ी की बात है कि इस दफा ओलों से जो फसल खराब हुई है उसके लिये सरकार ने एक सौ, दोसौ, तीन सौ रूपये तक की लोगों को ग्रांट दी है और दी जायेगी ताकि लोगों को कुछ राहत मिल सके। इस साल लोंगों को फर्टीलाइजर की भी कमी रही है। लोंगों को फर्टीलाइजर खरीदना मु कल हो गया है। जब सरकार सग्रीकल्चर पर इतना पैसवा लगाना चाहती है और एग्रीक्लचर को प्रोत्साहन देना चाहती है तो इस में जो भी चीजें प्रयोग में लाई जाती है उनका सरकार प्रबन्धस करे। पिछले दिनों ऐ सवाल आया था उसमें। पूछा गया था कि हैफेड से जो खाद दिया जाता है वह स्टेट में लोगों को वेट में थोड़ा क्यों दिया जाता है। डिप्टी स्पीकर साहब प्राइवेट डीलर्ज हैफेड वालों से मिले रहते है और वे वहां से खाद ले आते है। किसानों को फर्टीलाइजर की जल्दी जरूरत होती है और वे प्राइवेट डीलर भी हैफेड से खाद खरीद लेता है। हकीकत यह है कि हैफेड से ही कोई कट्टा पूरा नहीं उठाया जाता। भाकर करने से भी कुछ नहीं बनता क्योंकि किसान को फर्टीलाइजर की जरूरत होती है ते वह डीलर से उसी प्रकार ले लेता है। जिस वक्त कट्टे रिफिल किये जाते है उसी वक्त ही हेराफेरी की जाती हैं किसान को पूरे पैसे लगा कर भी खाद वजन में पूरा नहीं मिलात। नुकसान तो किसान को हो रहा है। एग्रीकल्चर के अन्तर्गत ही इरीगे ान भी आ जाता है। मैं इसके बारे में बताना चाहता हूं। सरकार इरीगे ान के लिये इतना पैसा खर्च करने जा रही है। नहरों की लाइनिंग की जायेगी लेकिन वाटर कोर्सिज का खर्चा

किसान पर पड़ेगा। उपाध्यक्ष महोदय, यह तो मैं मान सकता हूं कि नहरों और माइनरों की लाइलिंग करने से पानी बचता है क्यांकि इनको पक्का करने से सीपेज नहीं होगी लेकिन मैं कह सकता हूं कि वाटर कोर्सिज जिनको खाल कहते है , किसान इस का खर्च नहीं देसकेगा। इसका कारण यह है कि पहले तो किसान लाइनिंग का खर्चा देगा फिर उसके साथ–2 रिपेय कर काम भुरू हो जायेगा वह भी उसको देना पडेगा। इस तरह तो यह किसान पर एक परमानैंट टैक्स हो जायेगा, यह अभी के लिये नहीं है हमें ाा के लिये टैक्स हो जायेगा। अगर आप सग्रीकल्चर को प्रोत्साहन देना चाहते है तो नहरों की लाइजिंग कर दें परन्तु वाटर कोर्सिज की लाइनिंग न करें। आप किसान पर रहम करे। अगर पक्का खाल लीक रकने लग जाये तो किसान को बहुत हानि होगी, कच्चा खाल अगर लीक करने लगेगा तो उसको वह मिट्टी से बन्द कर देगा और वह पानी उसके खेत में नहीं जायेगा। कच्चे खालों से कुछ ही पानी खराब होगा बाकी तो खेतों में लगेगा। पक्का होने से पानी भी लीकेज से ज्यादा निकल जाएगा और लोगों की फसल को भी नुकसान होगा। पक्के खालें में अगर सीपेज होगी तो किसान डिपार्टमेंट को लिखेगा। डिपार्टमेंट वाले आकर देखेगें, फिर उसकी वे रिपेयर करेगें। इतेन समय जो पानी खेंतों में खडा रहेगा वह फसल को बिल्कुल तबाह कर देगा। जिसका खेत है वह तो बिल्कुल खराब हो जायेगा। मैं सरकार से अर्ज करूंगा कि खालें पक्का करने की प्रोजोजल को ड्रौप किया जाये। इससे खास फर्क पडने वाला नहीं हैं माइनर को बे ाक

पक्का करें परन्तु पवके खालों से पानी तो वेस्ट जायेगा ही, साथ ही फसल भी खराब होगी। उपाध्यक्ष महोदय, बजट में एस0वाई0एल0 योजना पर और भी जयादा पैसा खर्च करने के बारे मैं कहा गया है। मैं तो कहूंगा कि जब तक पंजाब में चैनल नहीं बन जाती तब तक एस.वाई.एल. योजना पर पैसा खर्च करना पैसे की वेस्टेज ह। अब तो इसके बनाने पर पैसा लग रहा है, फिर रिपेयर पर भी खर्च होगा। जो पैसा हम खर्च करेगें उसका इंट्रैस्ट बढता जायेगा, जब तक फैसला नहीं होता खर्चा बढता ही जाएगा। मुझे तो नहीं लगता कि इसका फैसला भी होगा कि नहीं। आज भी मैने अखबार में पढा था कि पंजाब नोटिस दे रहा है, जो भी इस योजना मे हिस्सेदार है, उन्हे नोटिस दे रहे है। इससे साफ जाहिर होता है कि पंजाब गवर्नमेंट हमारी बातों में आकर चैनल नहीं बना कर देगी। हमारी सरकार को इस बारे मेंसोचना होगा कि हमें क्या स्टैप लेने हैं। स्वामी अग्निवे ा जी ने भी इसका जिक किया था कि अगर हमें एस0वाई0एल0 से पानी लेना है तो स्ट्रांग स्टैप उठाने होगें जिससे हम सैंटर से भी कह सकें कि हमें पंजाब से पानी लेना है। मैं फिर यह कहना चाहता हूं कि जब तक पंजाब वाले चैलन नहीं बना लेते एस0वाई0एल0 पर पैसा वेस्ट न किया जाये।

डिप्टी स्पीकर साहब, हरियाणा के लोग मुह बा करके प्यासे की तरह से देख रहे है। हरियाणा की जमीन प्यासी है वह आज पानी की इंतजार में हैं इस लिये सरकार को जल्द से जल्द

पानी का प्रबन्ध करना चाहिये ताकि वह पानी किसान की खेती को मिले खेती हरी भरी हो, पैदावार ज्यादा हो। हरियाणा को पानी न मिलने की वजह से बहुत नुकसान हो रहा हैं मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि वह बहुत गम्भीरता के साथ सोचे कि जब तक पंजाब के साथ फसला न हो जाए तब तक सारे डिवेल्पमेंट के काम बन्द करके सारा पैसा पानी के प्रबन्ध करने के लिये लगा दे और मै समझता हूं कि ऐसा करने से किसी को भी एतराज नहीं होगा अब तक हरियाणा में पजांब से पानी लेने के लिये जितनी नहरें बनाई गई है, पंजाब द्वारा अपने इलाके में नहर न बनाने के कारण वे बेकार पडी है और हरियाणा ने जितना पैसा अपनी नहरो ंपर खर्च किया है वह वेस्ट जा रहा है।

ऐकनीमल हस्बेंडरी के बारे में इसके अन्दर जिक आया है मुझे इस बात की खु ी है कि हरियाणा सरकार ऐनीमल हस्बैंडरी की तरफ ध्यान दे रही है। यह ठीक है कि हम हैल्थ डिपार्टमेंट से मांग करते है कि प ुओं के हस्पताल होने चाहिये, रूरल डिस्पेंसरीज होनी चाहिये। लेकिन मै यह समझता हूं कि किसान का जो प ुधन है वह सबसे बडा धन है। मगर होता यह है कि प ु यदि बीमार हो जाये तो 10–10 किलोमीटर के एरिये मे कोई डाक्टर देखने वाला नहीं है। किसानों के लिये बड़ी मु कल होती है कि प ु को हस्पताल तक कैसे ले जाए। अगर कोई मनुश्य बीमार हो जाता है उसको तो साईकिल से, तांगे से, बैलगाडी से या जीप या और किसी साधन से हस्पताल तक ले

जाया जा सकता है लेकिन प ु को हस्पताल तक नहीं ले जाया जा सकता है और डाक्टर को वहां लाया नहीं जा सकता। बेचार प ु तड़फ–2 कर मर जाता है जो कि किसान का बहुत बड़ा धन है। उसके बगैर वह खेती भी नहीं कर सकता है। मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि कम से कम 3–3 मील के एरिया के अन्दर रूरल डिस्पैंसरीज का होना बहुत ही आव यक है। किसानों का तो प ु ही धन है अगर उनका खेती के टाईम पर एक बैल मर जाता है तो किसान के पास इतना पैसा नहीं होता कि वह दूसरा कोई बैल खरीद सके। इसलिये मैं सरकार से प्रार्थना कंरूगा कि इसकी तरफ ज्यादा से ज्यादा ध्यान दिया जाए और ज्यादा से ज्यादा डिस्पैंारीज खोली जाएं।

श्री उपाध्यक्षः अब आप वांइड–अप कीजिये।

कंवर रामपाल सिहः उपाध्यक्ष महोदय, आज ही पहले दिन मुझे बोलने का समय मिला है। कोआप्रेटिव डिपार्टमेंट के बारे में आज ही एक सवाल आया थां उसमें यह कहा गया था कि कोआप्रेटिव डिपार्टमेंट के अन्दर लोग 1.90 करोड रूपये खा गये है। लेकिन जब हम बजट को देखते है तो वह घाअे का बजट पे ा किया गया हैं । उपाध्यक्ष महोदय, मैं सरकार से प्रार्थना करात हूं कि अगर यह 1.90 करोड़ रूपये उन लोगों से वसूल कर लिये जाएं तो इन किसानों के उपर टैक्स लगाने की कोई आव यकता नही है। (विघ्न)

Mr. Deputy Speaker: No interruptions please.

कंवर रामपाल सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, पंचायतों के बारे में यहां बराबर जिक्र आया है और मेरे एक भाई चौधरी उदय सिंह दलाल ने कहा कि पंचायतों के लिये एक कमेटी बनाई हुई है। डिप्टी स्पीकर साहब, पहले तो सरकार को यह फैसला करना होगा कि क्या वह उस कमेटी की जो सिफारि ों आएंगी उनको मानेगी? मुझे तो नजर नहीं आता कि सरकार मानेगी। उसके कई कारण है एक तो यह है कि चंडीगढ़ के हरियाणा के सैकेटेरिएट की पावर्ज जिला हैडक्वार्टर को चली जाएंगी इसलिये मुझे यह अन्दे ाा हो रहा है कि सरकार कमेटी की सिफारि ा नहीं मानेगी।। जब अ ोक मेहता कमेटी की रिपोर्ट आ गई है और अगर उस कमेटी की रिपार्ट को मान लिया है तो भाायद चण्डीगढ के काम वहीं पर हो जाएगें क्योंकि रिपोर्ट के अन्दर जिला परिशद के चेयरमैन और ब्लाक समिति के पंचों ओर सरंपाचों को इतनी पावर्ज दी जा रही है कि किसी को यहां आने की आव यकता नहीं। मैं तो यह कहूंगा कि यदि सरकार इस बात के लिये तैयार है तो ठीक है वह रिपोर्ट आ जाएगी उसको एक्सैप्ट करें और उसको लागू करें। उपाध्यक्ष महोदय, मैं कहता हूं कि अगर हरियाणा इस काम के अन्दर पहल करता है तो सबसे पहले हरियाणा को यह श्रेय जाएगा। उसको ठीक ढंग से चलाने के लिये हरियाणा सबसे पहले अग्रसर होगा और यह हरियाणा के लिये भाबासी होगी। डिप्टी स्पीकर साहब, ट्रांसपोर्ट के बारे में मेरे भाई चीफ पार्लियामेंटरी सैक्रेटरी साहब, श्री सुरेन्द्र सिंह जी ने एकसवाल के जवाब में बडे प्यारे–प्यारे भाब्दों में ंयह कहा कि

हमारी बसों की आयु 8 साल है इसलिये बसों की आयु जब तक पूरी नहीं होती तब तक हम उन बसों का चलाएंगें। वह इस समय हाउस में नहीं बैठे हूये है लेकिन मैं वित्त मंत्री महोदय के जरिये अपने भाई सुरेन्द्र सिंह से यह जानना चाहूंगा कि यह 8 साल की आयु कब से भाुरू की गई है? क्या यह जनता सरकार के आने के बाद हुई है या उससे पहले हुई है? मैं पूछना चाहूंगा कि जनता सरकार के आने के बाद क्या बासेां के अन्दर कुछ अच्छा मैंटीरियल लगने लग गया है जिसकी वजह से उनकी 8 साल आयु कर दी गई है? एक दिन बोलते हूये मेरे भाई पोहलू साहब ने कहा था कि यह तो जेल से माफी मांग करके आया ह। मैं भाई पोहलू साहब को इस बात के लिये चैलेन्ज करता हूं कि यह इसको साबित कर दें कि मैं माफी मांग करके आया था तो मैं मैबरि ाप से भी और पोलिटिक्स से भी इस्तीफा दे दूंगा नहीं तो मेरे भाई पोहलू इस बात के लिये तैयार हो जांए। एक दिन मेरे भाई पोहलू साहब कैथल डिपों के बारे में बहुत भाोर मचा रहे थ। एक तरफ तो हमारे चीफ पार्लियामेटंरी सैक्रेटरी साहब नू पूछा तो उन्होने कहा कि फलां मेक की वहां पर ज्यादा बसें है उनकी टूट–फूट ठीक करवाने में जयादा खर्चा आता है लेकिन इन्कवायरी यह बता रही है कि वहां जो माल आता था जैसे एक्सल, फिल्टर और दूसरी चीजें वह सब की सब वहांसे उठा उइा करके करनाल में बेची गई। अम्बाला मेंबेची गई और जीन्द में बेची गई। एक–एक पुर्जे की कीमत 1400 रूपये है उसको 800 के अन्दर करनाल में बेचा है और इस सब का दोश स्टोर के इन्चार्ज के

सिर पर लादा गयाहैं जनरल मैनेजर अपनी जिम्मेवारी नहं लेता। यदि वह जिम्मेवारी नहीं लेता तो उसका स्टोर के अन्दर बैठने का क्या काम है। जबकि वह यह नहीं ंदेख सकता कि स्टोर के अन्द से क्या चीज चोरी हुई है। इसका कारण मैं बताता हूं । उस स्टोर का जो इंचार्ज है वह जनरल मैंनेजर का रि तेदार है। उसके थ्रू यह सारा घपला हुआ है (विघन तथा भाोर) डिप्टी स्पीकर साहब, बहुत से बेचे हुये ऐक्सल करनाल से बरामद हुये है। छोटै मुलाजिमों के खिलाफ तो ऐक ान होजात है लेकिन बड़े बड़े अफसर रास्ता काट लेते है, उनको कोई पूछता नहीं है।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू: आन ए पवांयट आफ आर्डर। डिप्टी स्पीकर साहब, उस जी0एम0 को दोबारा बहाल न किया जाये। रामपाल जी जो कह रहे है, ठीक कह रहे है। (व्यवधान)

कंवर रामपाल सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, मैं कह रहा था कि सरकार ने बस की 8 साल की अवधि कर दी है और दूसरी तरफ बसों की हालत यह है कि वे सडकों पर खडी रहती है, रोजाना ब्रेकडाउन होते रहते है। अगर आपने 8 साल की अवधि रखनी है तो रहने दीजिये। लेकिन मेरा कहना यह है कि आयु का हिसाब नहीं लगाना चाहिये, आयु 6 साल भी हो सकती है, 8 साल भी हो सकती हे और 10 साल भी हो सकती है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। लेकिन भार्त यह है कि वैहिकल सडक पर चलने केक काबिल होना चाहिये। अगर 6 साल की अवधि से पहले ही कोई

बस इतनी खराब हो जाये कि वह सडक पर चलने के काबिल न हो तो उस बासव को फौरन कंउम कर देना चाहिये।

डिप्टी स्पीकर साहब, अब मैं ऐजुके ान के बारे में कहना चाहता हूं। आज हमारे एजुके ान मिनिस्टर साहब ने एक बात कही कि वे मानते है कि एजुके ान का स्टेंडर्ड नीचे गिरा है। बडी अच्छी बात है, यह सरकार नेकनीयती से हर बात को लेती है, असलीयत को स्वीकार करने में कोई हिचचिाहट नहीं होनी चाहिये। यह खु ी की बात है। लेकिन एजुके ान का स्टैंडर्ड नीचे गिरने का क्या कारण है? जहां तक मैं समझता हूं, इसका सबसे बडा कारण है सिलेबस की भरमार। प्राईमरी क्लास में इतना सिलेबस लगा दिया है कि बच्चे के उपर बहुत बोझा बढ गया है। नन्ही बुद्धि वाला बच्चा अपना बसता उठाकर स्कूल तक नहीं जा सकता। पांच साल के बच्चे की बुद्धि इतनी ही हो सकती है कि वह छोटा सा कायछा पढ ले, 100 तक गिनती याद कर ले, लेकिन सिलेबस बहुत बडा है कि उसके उपर पांच–पांच किताबें लाद दी जाती है। कई क्लासिज बना दी है, नरसरी कलास, प्री–नर्सरी क्लास, पहली क्लास और तीन–तीन, चार–चार साल इन क्लासों में लगा देते है और परिणाम यह होता है कि कोर्स बढ़ता जाता है। दूसरा बड़ा कारण यह है कि अध्यापकों की रोज–बरोज तबदीली कीजाती है। अध्यापकों की बार बाद तब्दीली करना एजुके ान को खराब करना है इसलिये इसकी जिम्मेवारी किसी पर नही आती। बच्चें की पढाई ठीक क्यों नहीं है, इसका

उत्तरदायी कौन है, कोई अध्यापक नहीं कहेगा कि मैं जिम्मेवार हूं क्योकि उनकी रोज बरोज तबदीलियां होती रहती है। तीसरा कारण है टैक्नीकल एजुके ान न होना। जैन साहब बैठे है, वे इस बात को नोट कर ले कि घरौंडा के पास कोड़ा गांव है। चार साल पहले उस गांव की पंचायत ने एक रैजोल्यू ान पास करके भेजा था कि यहां पर आई0टी0आई0 का एक सैंटर खोला जाए। लेकिन आई0टी0आई0 सैन्टर तो क्या खोलना था उसकी जगह भौडज बनाकर लघु उद्योग खोलने के लिये किराये पर दे दिये है। इंडस्ट्रीज डिपार्टमैंअ को लघु उ़ोग नहीं बल्कि आई0टी0आई0 का सैंटर खोलना चाहिये था। अगर जैन साहब लघु उद्योग की स्कीम वहां पर चालू करना चाहते है तो बच्चों को ट्रेंनिग देने के लिये उन भौड्स का इस्तेमाल किया जाये ताकि बच्चे लघु–उद्योग की ट्रेंनिग ले कर कहीं भी अपना उद्योग खोल सके। इसलिये सरकारसे प्रार्थना है कि वहां पर आई0टी0आई0 का सैंटर खोला जाये।

उपाध्यक्ष महोदय, अब मैं टैक्सज की आइटम पर आता हूं। यह बजट स्पीच के आखिर में दी गई है। सबसे पहले कुछ राहतों का जिक्र किया गया है। सेल्ज टैक्स के प्रोसीजर को आसान बनाने के लिये सरकार एक कमेटी बनाना चाहती है। जैन साहब बडे प्रोमिनैंट लाईयर रहे है और मैं भी वकील हूं। मुझे आज तक समझ नहीं आई कि सेल्ज टैक्स की डैफिनी न क्या है। सेल्ज टैक्स उससे लेना चाहिये जो कोई चीज सेल कर रहा हो।

अगर सरकार सेल करने वाले पर टैक्स नहीं लगा सकती बल्कि परचेज करने वाले पर लगाती है , फिर तो इस टैक्स का नाम परचेज टैक्स रखा जाये, सेल्ज टैक्स नाम नहीं होना चाहिये। क्योकि यह टैक्स परचेजर से लिया जाता है इसलिये मेरी सरकार से प्रार्थना है कि इसका नाम बदल पकर परचेज टैक्स रख दिया जाए। इस बात पर कई बार झगड़े हो जाते है क्योकि परचेज करने वाला कहता है कि मैं तो परचेज कर रहा हूं, मैं सेल्ज टैक्स क्यो दूं?

चौधरी हरस्वरूप बूराः नाम बदलने से कंज्यूमर पर से बोझ नहीं हटेगा। नाम बदलने की बात न कहें, सेल्ज टैक्स दुकानदार पर पड़े, यह बात कह दें।

कंवर रामपाल सिंहः कहा तो मैंने वही है, लेकिन अगर सरकार ऐसा नहीं कर सकती तो सरकार कम से कम उसका नाम परचेज टैक्स रख दे।

श्री उपाध्यक्षः अब आप वाइंड–अप कीजिये, आपका टाईम हो गया है।

कंवर रामपाल सिंहः उपाध्यक्ष महोदय, अभी तो मैने बहुत कुछ कहना है। मुझे कुछ समय और दीजिये।

श्री उपाध्यक्षः मै आपको दो मिनट का समय देता हूं। आप दो मिनट मे अपनी बात खत्म कर दें।

कवंर रामपाल सिंहः दो मिनट नहीं, मैं चार–पांच मिनट और लूंगा। मैं टैकस के बारे में कह रहा था, सरकार ने आबियाना बडा दिया और लैंड होल्डिंग टैक्स पर सरचार्ज बढा दिया, स्टैम्प डयूटी बढ़ा दी और हलवाइयों के उपर टैक्स लगा दिया। उपाध्यक्ष महोदय, एक तरफ तो सरकार प्रचार करती है कि सरकार किसान के लिये, मजदूर के लिये, हर वर्ग की भलाई के लिये बहुत कार्य करने जा रही है ताकि हर व्यक्ति अपने पावों पर खडा हो सके। खासतौर पर गांवों मेंबसने वाले गरीब किसानों के लिये बहुत कुछ करने जा रही है क्योंकि वे अपने पांवों पर खडा नीं हो सकते, अपना गूजारा नहीं कर सकते। लेकिन मै ंसरकार को बताना चाहता हूं कि गांवों मे रहने वाले गरीब किसानों की तरह ही भाहरों में भी गरीब किसान है जो अपने पांवों पर खडा नहीं हो सकेते, इनको भी राहत देनी चाहिये लेकिन टैक्स प्रोपोजल देखने से मुझे ऐसा लगता है कि इन किसानों के उपर आबियाना का बोझ बहुत जयादा पड़ेगा। सरकार आबियाना टैक्स बढानें की प्ली यह लेती है कि चूंकि सवा 6 एकड़ के मालिकों पर मालिया माफ कर दिया है इसलिये सवा 6 एकड़ के उपर जमीन रखने वाले किसानों से यह पूरा किया जाये। यानि जो राहत सवा 6 एकड़ के मालिकों को दी गई थी वह सवा 6 एकड़ से ज्यादा जमीन रखने वालों से पूरी की गई है क्योकि आबियाना के बारे में कहा गया है कि नहरों और माइनर्ज पर लाइनिंग की जा रही है, उनका खर्चा बढ़ रहा है, इसलिये सवा 6 एकड़ से ज्यादा जमीन रखने वालों पर यह टैक्स लगा दिया है। मैं सरकार से पूछना चाहता हुं कि

अगर ऐसा ही करना था तो राहत देने की आव यकता ही क्या थी? अगर गवर्नमेंट ने यही पालिसी बनाई है कि जिस सैक ान को राहत दी जाएगी उसी सैक ान के दूसरे लोगों से वह कमी पूरी की जाएगी तो भाहर वालों को जो टैक्सों मे राहत दी गई है , और टैक्स लगाने की लिमिट 40 हजार से एक लाख और 10 हजार से 25 हजार कर दी गई, इस कमी को भाहर के उन बड़े बड़े लोगों से पूरा क्यों नहीं लिया गया? यह प्रोपोजल क्यों नही दी गई कि इस कमी को बडे लोगों से पूरा किया जाएगा? उपाध्यक्ष महोदय, मुझे ऐसा लगता है कि सरकार के दिमाग से छोटे किसान और बडे किसान की बात नहीं निकली है। लेकिन इसके दूसरी तरफ छोटै इंडस्ट्रियलिस्टस और बडे इंडस्ट्रियलिस्टस की बात कभी किसी ने नहीं की। इनके उपर इन्कम टैक्स लगा दिया जिन्होने पूरा इन्कम टैक्स कभी दिया ही नहीं इनके दो–दो तीन–तीन खाते चलते है। आप फरीदाबाद में जा कर देखिये, माल तो बनता है हरियाणा में और बिकता है दिल्ली में जाकर,। सारे फरीदाबाद इंडस्ट्रियल कम्पलैक्स में यही हाल है। मैं हरियाणा सरकार से रिक्वैस्ट करता हूं कि कानूनी सलाह लेकर इस बात पर पाबन्दी लगाई जाए और जो इंडस्ट्रियलिस्टस सेल्ज टैक्स बचाने के लिये हरियाणा में बना हुआ माल दिल्ली ले जाकर बेचते है उनको रोका जाये। अगर इस टैक्स को बचाया जाए तो अकेले फरीदाबाद कम्पलैक्स से कम से कम 20 करोड़ रूपया बच सकता है।

वित्त मंत्री (श्री मूल चन्द जैन): यह बात बजट में रखी हुई है।

कंवर रामपाल सिंहः जब होगा तब देखेगें, यू ं तो बजट में बहुत कुछ लिखा है।

श्री उपाध्यक्षः आप खत्म कीजिये, काफी समय हो गया है।

कंवर रामपाल सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, अब मैं ऐडमिनिसट्रे ान के बारे में कुछ कहना चाहता हूं । हमारी टाप हैवी एडमिनिस्ट्रेशन पर बहुत खर्च हो रहा हैं हमारी स्टैट में जितनी कारपोरे ांज है उनमें आई0ए0एस0 अफसर लगाये हुये है और जितने हमारे यहां टैक्नीकल डिपार्टमेंटस है उन में भी टैक्नीकल अफसरों को हैड आफ दी डिपार्टमेंट न लगा कर आई0ए0एस0 अफसरों को हैड आफ दी डिपार्टमेंट लगाया हुआ है। इस बारे मे मै सरकार को सजै ान दूंगा कि टैक्नीकल डिपार्टमैंट का टैक्नीकल ही हैड होना चाहिये। आई0ए0एस0 अफसर उस डिपार्टमेंट के बारे में कुछ नहीं जानता है लेकिन टैक्नीकल आदमी ए से जैड तक की बात जानता है, उसको सारी चीजों का पता होता है।

डिप्टी स्पीकर साहब हमारी जितनी भी पब्लिक अन्डर–टेकिग्ज है उनमें हमारे साथी मैंबरों को चेयरमैंन लगाया हुआ है। मुझे उन कारपोरे ान्ज का तलख तजुर्बा है क्योंकि कुछ

अर्से तक मैं भी चेयरमैन रहा हूं चेयरमैंन की पावर कुछ नहीं होती हैं चेयरमैन केवल मीटिंग प्रिजाइड करता है और कुछ नहीं कर सकता। चेयरमैन को एडमिनिस्ट्रेटिव पावर मिलनी चाहिये। अगर उसके हाथ में कोई पावर ही नहीं होगी तो उसका वहां बैठने का क्या लाभ है। वहां पर आई0ए0एस0 अफसर तो एम0डी0 लगा होता है। टोटल पावर उसमें वैस्ट करती है। जो कुछ भी करना होताह उसी ने करना है।

डिप्टी स्पीकर साहब उन कारपोरे ान्ज के बारे में मेरा एक और भी सुझाव है कि वहां पर जो आई0ए0एस0 अफसर लगा हुआ होता है उसको कई बार दूसरे दे ाों में ट्रैनिंग पर भेजा जाता है लेकिन जब वे ट्रेनिंग करके आ जाते है तो उनको वहां पर एम0डी0 के रूप में काम करने नहीं दिया जाता है। उनको उसी वक्त आते ही ट्रांसफर कर दिया जाता है। अगर किसी अफसर को सरकार के खर्चे से ट्रेनिंग पर भेजा जाता है तो उससे लाभ भी उठाना चाहिये। उससे लाभ उठाने के लिये कम से कम कोई भार्त रखनी चाहिये कि जो एम0डी0 ट्रेनिंग पर जायेगा वह कम से कम तीन साल तक यहां पर काम करेगा। ऐसा करने से कारपोरे ान को भी लाभ हो सकता है और वह दूसरी जगह भी नहीं जा सकेगा। जैन साहब ने भी पब्लिक अन्डरटेकिंग के लिये सुजै ान दी है कि जो पब्लिक अन्डरटेकिंग घाटे में चलेगी उसको बन्द कर दिया जायेगा। लेकिन मैं उनके नोटिस में एक बात और भी लाना चाहता हूं कि कई पब्लिक अन्डर टेकिंग्ज बिल्कुल

सुपरफअूस है। जैसे एग्रो इन्डस्ट्रीज कारपोरे न है, वह लैन्ड रिकलेमे ान का भी काम कर सकती है और कलर, थूड जमीन को भी ठीक कर सकती है। लेकिन इस काम के लिये अलग से लैंड रिक्लेमे ान डिवेल्पमेंट कारर्पोरे ान बनाई हुई है। इसलिये मेरी प्रार्थना है कि ऐसी कारपोरे ान्ज को बन्द कर देना चाहिये।

दूसरे जैसा, कि मैने कहा कि कारपोरे ान्ज के जो चेयरमैन लगाये जाते है उनको एडमिनिस्ट्रेटिव पावर दी जाये। पावर मिलने पर ही वे कारपोरे ान्ज का भला कर सकते है। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

राव दलीप सिंह (महेन्द्रगढ़): डिप्टी स्पीकर साहब, आज सै ान में बजट पर बहस चल रही है हमारे फाइनैंस मिनिस्टर साहब ने लैंड होल्डिंग टैक्स 33 परसैंट बढ़ाया है यानि निके पास सात एकड़ से ज्यादा जमीन है उन पर यह टैक्स लगेगा। डिप्टी स्पीकर साहब, हरियाणा के किसानों की इतनी अच्छी हालत नहीं है जितनी जैन साहब सोचते है। उनही किसानों की हालत अच्छी है जिनके पास 19 एकड़ से ज्यादा जीमन है या जो सीजिंग की लिमिट है उससे ज्यादा जमीन है यानि सैकडों एकड जमीन रखे हुय है उनकी हालत अच्छी है। जिन किसानों के पास सिर्फ 19 एकड़ या 19 एकड़ से कम है उन की हालत अच्छी नहीं है। आज किसानों के बच्चें पुलिस और फौज में भर्ती होने के लिये एक हजार या दो हजार रूपये रि वत देने के लिये जेबों में डाले फिर

रहे है लेकिन उनको वह दो सौ रूपये की भी नौकरी नहीं मिल पा रही है। यह आज किसानों की हालत हो गई है।

चौधरी राम कि ानः आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। माननीय सदस्य राव दलीप सिंह जी ने यहां पर किसानों का जिक किया कि किसानों के बच्चे दो–दो हजार रूपये रि वत देने के लिये जेबों मे डाल कर घूम रहे है लेकिन उनको भर्ती नहीं यिका जाता है। हमारे मुख्यमंत्री जी ने यह ऐलान किया है कि कोई आदमी किसी को रि वत लेते हुये या देते हूये पकडवायेगा तो उसको पांच सौ रूपये इनाम दिया जायगयेा, तो राव साहब इस बात को मुख्यमंत्री जी के नोटिस में क्यों नहीं लाते है?

राव दलीप सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब मैं यह कह रहा था कि किसानों के पढ़े लिखे बच्चे आज रोजगार की तला ा में घूम रहे है। हर आदमी आज कोि ा ा करता है कहीं न कहीं रि वत दे कर भर्ती हो जाये या कोई अन्य नौकरी पा ले।

चौधरी हरस्वरूप बूराः आन ए प्वांयट आफ आर्डर सर। राव साहबन ने यहां पर कहा कि सीलिंग एक्ट के बाद भी लोगों ने 18 एकड़ से ज्यादा जमीनें रखी हुई है। अगर सीलिंग के बाद में लोगों ने ज्यादा जमीनें रखी हुई है तो वे उनके यहां हाउस में नाम बताये।

श्री मांगे राम गुप्ताः डिप्टी स्पीकर साहब अभी रामकि ान जी ने हाउस में कहा कि कोई रि वत देता है या

लेता है तो उसके लिये सी0एम0 साहब एलान कर चुके है कि पकडवाने वाले को पांच सौ रूपये इनाम दिया जायेगा। अभी भागमल जी ने पचास हजार रूपये रि वत का जिक्र किया.....

श्री उपाध्यक्षः भागमल जी ने इस ढंग से कुछ नहीं कहा था। आप बैठिये।

राव दलीप सिंहः मेरा कहने का तात्पर्य यह था कि किसान का बच्चा नौकरी लेने के लिये ऐम्पलाएमेंट एक्सचेंजो में घूमता फिरता है। दस–दस बारह–2 ऐक्पलाएमेंट एक्सचेंजों मे जाता है और कोि ा ा करता है कि किसी तरह से नौकरी मिल जाये। अगर आज किसान की हालत अच्छी हो तो इतनी परे ानी में पडने की और रि वत देने की क्या आव यकता है। आज वह ऐम्पलायेमेंट एक्सचेंज और सैक्रेटीरयट में चक्कर काट रहा है । इसलिये जैन साहब ने जो लैन्ड होल्डिंग टैक्स लगाया है वह वापिस लेना चाहिये।

डिप्टी स्पीकर साहब मेरी यह भी प्रार्थना है कि महेन्द्रगढ़, फरीदाबाद, साहलावास, भिवानी और नारयणगढ़ ये बहुत ही पिछड़े हुये इलाके है लेकिन सरकार ने इन पर वही टैक्स लगाया है जो दूसरे इलाकों पर लगा है। हमारे इलाकों के साथ पहले भी ऐसी ही जयादती हूई थी। सवा छः एकड़ लैंड पर पहले भी मालिया माफ हुआ था। और अब भी ऐसा ही किया है कि जिन जमीनों में बासमती ओर कनक पैदा होती है वहां भी सवा छः

एकड पर मालिया माफ किया है और जहां पर घास भी पैदा नहीं होती हे, पिछडे हुये इलाके है , भूड जमीन है , बरानी है वहां पर भी इतनी ही जमीन पर मालिया माफ किया है। और यह जो 33 परसैंट बढाया है यह तो छः एकड से उपर वाली घटिया जमीन पर सौ परसैंट हो जायेगा। उन पिछडे हुये इलाको के साथ सरासर जयादती हैं जब भी कोई टैक्स लगे ततो वह प्रोपोर ान के हिसाब से लगे। जिनके पास अच्छी जमीन है उन पर सवा छः एकड तक का माफ किया है तो भूड जमीन पर जयादा पर माफ होना चाहियै। इस बात पर सरकार गौर करे और ऐसे इलाकों में ज्यादा जमीन पर रिलीफ दे और जो ज्यादा टैक्स बढाया हे इसको वापिस लिया जाये।

डिप्टी स्पीकर साहब, जो पैसेन्जर टैक्स साढे बारह परसैंट बढाया है , मै इसका भी विरोध करता हूं । पिछले साल भी दस परसैंट बढाया था और इस साल फिर साढे बारह परसैन्ट बढा दिया। साधारण खत्री पर यह बडा भारी टैकस है। इसको वापिस लिया जाना चाहिये। इतना पैसेन्जर टैक्स और रोड टैक्स फी सीट के हिसाब से सारे भारत में कहीं भी नहीं लिया जाता है। एक बात जो इस प्रोपोजल में नहीं है लेकिन ट्रांसपोर्टै परजिसका बहुत भारी असर पडता है, मैं आपके जरिये नोटिस में लाना चाहता हूं। डिप्टी स्पीकर साहब, हरियाणा रोडवेज जो भी मुनाफा कमती है उसको सरकार रोड टैक्स और पैसेन्जर टैक्स के थ्रू वसूल कर लेती है और डिपार्टमेंट के पास बहुत थोडा पैसा बचता

